# डॉ.भीमराव अंबेडकर ने वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ा

## रायसेन में आयोजित जयंती समारोह में सांची के विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा, जिलेभर में मनाई बाबा साहब की जयंती




**रायसेन, 14 अप्रैल. भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर वन परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी , सांची जनपद अध्यक्ष अर्चना पोर्ते और नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन ने शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर विधायक डॉ. चौधरी ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा और समानता के जरिए गरीबों, पिछड़ों, वंचितों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है.यह हमारे लिए गौरव की बात है कि बाबा साहेब का जन्म हमारे मध्यप्रदेश के महू में हुआ.**

विधायक ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर शिक्षा को सबसे ताकतवर हथियार मानते थे, उनके लिए शिक्षा सिर्फ व्यक्तिगत तरक्की का साधन नहीं अपितु सामाजिक परिवर्तन, समानता और न्याय का रास्ता थी. बाबा साहेब ने सामाजिक भेदभाव के विरूद्ध अभियान चलाया और वंचित वर्गो को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए अतुलनीय संघर्ष किया.समाज में स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व होना जरूरी है.सभी को डॉ अंबेडकर के पद चिन्हों, उनके आदर्शो पर चलना चाहिए.बाबा साहेब ने सर्व समाज के उत्थान के लिए काम किया, सामाजिक समरसता का संदेश दिया. उनका सपना था कि गरीब से गरीब व्यक्ति को मुख्य धारा से जोडा जाए, तभी सही मायने में राष्ट्र विकास की राह पर अग्रसर होगा.

विधायक डॉ. चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों, वंचितों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने, उनके विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है.कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन ने भी संबोधित किया. जनजातीय कार्य विभाग और अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक सीपी सोनी ने विभागीय योजनाओं तथा कार्यक्रम के आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी.

बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई. इसके उपरांत विधायक डॉ चौधरी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया.इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और आमजन उपस्थित रहे.

## सांची विवि में मनाई अंबेडकर जयंती



**सलामतपुर, 14 अप्रैल.** कस्बे में स्थित सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के बौद्ध दर्शन स्कूल एवं अंतरराष्ट्रीय बौद्ध दर्शन स्कूल में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई.कार्यक्रम का शुभारंभ कुलसचिव डॉ. रामनिवास गुप्ता ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया.तत्पश्चात बौद्ध अध्ययन विभाग में अध्ययनरत विदेशी विद्यार्थियों ने बुद्ध वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिकता और शांति से भर दिया.

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सहभागियों ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष, शिक्षा, सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया. वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के ऐसे युगद्रष्टा थे जिन्होंने समाज के वंचित, शोषित और उपेक्षित वर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का मार्ग दिखाया. विवि परिवार ने डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने तथा न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया.

### समाज में शिक्षा के प्रसार का लिया संकल्प



**बम्होरी, 14 अप्रैल.** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में अहिरवार समाज संघ तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग संघ के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय लक्ष्मी गार्डन बम्होरी में समारोह का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामपाल सिंह राजपूत, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला एवं मंडल अध्यक्ष हरनाम सिंह पटेल थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता एम एल बघेल ने की. संचालन कमलेश कुमार ने किया. कार्यकमें बाबा साहब के विचारों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने और समाज में एकता, समरसता एवं शिक्षा के प्रसार का भी संकल्प लिया गया.मुख्य अतिथि रामपाल सिंह राजपूत ने बाबा साहब के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने संविधान के माध्यम से समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाए. उन्होंने वर्तमान सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आज पिछड़े एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है. विशिष्ट अतिथि विजय शुक्ला ने कहा कि भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत के साथ सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है. कार्यक्रम के आयोजक युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोज अहिरवार एवं उनकी टीम ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. आयोजन में मनमोद अहिरवार, काशीराम, सुप्यार सर, प्रकाश सिंह, हरिसिंह राठौर सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा. इस अवसर पर शिवपाल राजपूत, लक्ष्मण लोधी, मदन गोपाल वर्मा, तेजसिंह लोधी, रामकुमार लोधी, हरि सिंह लोधी, मलखान सिंह पटेल, महेंद्र धाकड़, कौशल गुप्ता, किशोर सोनी, सरपंच हाकम सिंह लोधी उपस्थित थे.

### सिलवानी में डॉ. अंबेडकर जयंती पर पर निकली शोभायात्रा

**सिलवानी, 14 अप्रैल.** डॉ. भीमराव अंबेडकर पर स्टेट बैंक स्थित अंबेडकर भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम से पूर्व बाबा साहेब की शोभायात्रा अंबेडकर भवन से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बजरंग चौराहा पहुंची और पुनः अंबेडकर भवन में समाप्त हुई. . कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर महिला सशक्तिकरण के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहे. उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं. इसी क्रम में महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत




आरक्षण देने की पहल की जा रही है. इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, भाजपा नेता विभोर नायक, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश राय, पुनीत समैया, प्रदीप कुशवाहा, जय बाबू जैन, रवि मांडरे, जगदीश जाटव, कमलेश जाटव, मदन राय, मंयक नेमा, नर्मदा जाटव आदि उपस्थित रहे.

## नशे में स्कूल पहुंचा शिक्षक निलंबित

**सिलवानी, 14 अप्रैल. सिलवानी विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला चौका में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक हीरालाल धुर्वे को गंभीर कदाचार के आरोप में निलंबित कर दिया गया है. यह कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई.**

जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल को सुबह लगभग 10:30 बजे शिक्षक हीरालाल धुर्वे शराब के नशे में विद्यालय पहुंचे. इस दौरान उन्होंने विद्यालय में मौजूद छात्र-छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार किया और स्कूल परिसर में गंदगी भी की, जिससे विद्यालय का वातावरण प्रभावित हुआ. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला संज्ञान में आया. विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिलवानी द्वारा जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें आरोपों की पुष्टि हुई. इसके बाद विभाग ने इसे गंभीर कदाचार मानते हुए कार्रवाई की. यह मामला नवभारत ने प्रमुखता से उठाया था.

### खबर का असर


नशे में स्कूल पहुंचा शिक्षक, ग्रामीणों ने किया हंगामा

सिलवानी, 13 अप्रैल. तहसील मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम चौका की प्राथमिक शाला में सोमवार को एक शिक्षक के शराब के नशे में स्कूल पहुंचने और बच्चों से अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है. घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा किया. प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है.

जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला चौका में पदस्थ शिक्षक हीरालाल धुर्वे नशे की हालत में स्कूल पहुंचे. आरोप है कि उन्होंने बच्चों के साथ गाली गलौज की और स्कूल परिसर में गंदगी फैलाई, जिससे उनके कपड़े भी खराब हो गए. कुछ ग्रामीणों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. सूचना पर प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई. ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र ठाकुर एवं विद्या चरण श्रीवास्तव ग्राम चौका पहुंचे और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए. जांच के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित शिक्षक पिछले डेढ़ से दो वर्षों से लगातार शराब पीकर स्कूल आते हैं और बच्चों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं. स्कूल में 34 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिनकी पढ़ाई इस स्थिति के कारण प्रभावित हो रही है. ग्रामीणों ने जांच दल के सामने शिक्षक को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है. चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जायेगा.

ग्रामीणों की शिकायत पर प्राथमिक शाला चौका की जांच की गई. जांच में शिक्षक हीरालाल धुर्वे अस्वस्थ स्थिति में पाए गए और स्कूल में गंदगी भी मिली. बच्चों ने भी बताया कि शिक्षक शराब के नशे में आकर गाली गलौज करते हैं. जांच प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय को कार्रवाई हेतु भेजा जायेगा.
रूपेंद्र ठाकुर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सिलवानी

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिक्षक का यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के प्रावधानों के विरुद्ध है, जिससे विभाग की छवि भी धूमिल हुई है. इसी के चलते म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1986 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी किया गया है. निलंबन अवधि के दौरान हीरालाल धुर्वे का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सिलवानी निर्धारित किया गया है. साथ ही उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा.

## शराब से भरा ट्रक पलटा, बोतलें लेने उमड़ी भीड़

**सलामतपुर,14 अप्रैल. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 के भदभदा क्षेत्र में मंगलवार को शराब से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. बताया जा रहा है कि ड्राइवर को अचानक नींद का झोंका आने के कारण ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पलट गया.**



हादसे के बाद ट्रक में भरे शराब के कार्टून सड़क पर बिखर गए. आसपास के लोग शराब बोतलें उठाने के लिए के लिए पहुंच गए. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने लोगों को शराब के बोतलें उठाने से रोका. बताया जा रहा है कि ट्रक खंडवा से छतरपुर के वेयरहाउस जा रहा था. हादसे में क्लीनर घायल हो गया, जिसके सिर में चोट आई है.उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है.पुलिस मामले की जांच में जुटी है.गौरतलब है कि कुछ समय पहले भी यहां पर सब्जी लेने विदिशा जा रहे एक सवारी ऑटो को विदिशा की ओर से आ रही है तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी थी.जिसमें ऑटो में सवार दो लोग घायल हो गए.वहीं ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया.यह हादसा भी कार के चालक को नींद का झोंका आने के कारण हुआ था.

## पत्नी से कहासुनी के बाद युवक लापता

**सलामतपुर, 14 अप्रैल.** पत्नी और पिता से मामूली कहासुनी हो जाने के बाद एक युवक लापता हो गया है.जबकि युवक के 18 महीने के बेटे का मुंडन कार्यक्रम रखा गया था. सलामतपुर थाने से मिली जानकारी अनुसार प्रहलाद बंजारा पिता हुकुम सिंह बंजारा (25) निवासी भटियाटोला कटसारी घर से बिना बताए लापता हो गया है.लापता होने से पहले प्रहलाद बंजारा की बेटे के मुंडन कार्यक्रम के सामान लाने को लेकर पिता हुकुम बंजारा और पत्नी रोशनी से कुछ कहासुनी हो गई थी. इसी बात से गुस्सा होकर प्रहलाद घर से बिना बताए लापता हो गया. मंगलवार को उसके पिता हुकुम बंजारा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज

## पुरस्कार के लिए प्रस्ताव किए आमंत्रित

**रायसेन, 14 अप्रैल.** 'बसामन मामा स्मृति वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण पुरस्कार 2023-24' के लिए नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं. इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं अपने नामांकन संबंधित वन मंडलाधिकारी/क्षेत्र संचालक कार्यालय अथवा विभागीय वेबसाइट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं. नामांकन प्रस्ताव आवश्यक दस्तावेजों सहित 25 मई शाम 5 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं.यह पुरस्कार वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण, संवर्धन तथा निजी भूमि में वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रदान किया जाएगा.

## गैस सिलेंडर लीकेज से घर में लगी आग

### युवक की बहादुरी से टला सरार गांव में बड़ा हादसा

**सलामतपुर, 14 अप्रैल. सलामतपुर थाने के सरार गांव में सोमवार रात करीब 9 बजे गैस सिलेंडर के रेगुलेटर से रिसाव होने के कारण एक कच्चे मकान में आग लग गई. घटना के समय घर में मौजूद लीलाकृष्ण मीना खाना बना रहे थे, तभी गैस लीक होने से आग भड़क उठी.**

आग तेजी से फैलने लगी.लीलाकृष्ण ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके.स्थिति बिगड़ती देख उन्होंने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई. इसी दौरान गांव के युवक सुरेंद्र मालवीय ने बहादुरी दिखाते हुए जलते हुए घर में घुसकर गैस सिलेंडर को बाहर फेंक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया.



इसके बाद ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया. हालांकि इस घटना में घर का सारा सामान कपड़े, बिस्तर, कूलर, पलंग सहित छप्पर जलकर खाक हो गया.

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की सुविधा नहीं होने के कारण ऐसे हादसों में नुकसान बढ़ जाता है. फायर ब्रिगेड सांची या रायसेन से आने में देर लगती है.ग्रामीणों ने सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा या दीवानगंज में स्थायी फायर ब्रिगेड की मांग की है.वहीं पीड़ित युवक ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है.

### आयोजन
सिलवानी में संघके शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हुई सामाजिक सद्भाव बैठक

## समरसता से ही समाज सशक्त बनता है : स्वर्णकार

**सिलवानी, 14 अप्रैल. संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर के कम्युनिटी हॉल में सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में विभिन्न जाति, समाज एवं पंथ के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सामाजिक एकता और सहयोग को मजबूत करने पर विचार साझा किए.**

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के प्रांत महाविद्यालय कार्य प्रमुख पीयूष स्वर्णकार ने कहा कि भारत में विविध आस्था और आचरण के बावजूद सद्भाव के कारण समाज एकजुट बना हुआ है. उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि भारतीय परिवारों में आपसी सम्मान की परंपरा सदियों से चली आ रही है, जो



सामाजिक समरसता की नींव है.

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में भारतीयों की एकजुटता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन बाद में कुछ कारणों से समाज में विभाजन की प्रवृत्ति बढ़ी. उन्होंने सभी से आह्वान किया कि समाज को तोड़ने वाली शक्तियों के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करें तथा सद्भाव को मजबूत बनाएं. लव जिहाद, धर्म मतांतरण एवं व्यसन जैसी चुनौतियों पर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया. स्वर्णकार ने समाज के वंचित और दुर्बल वर्गों के सशक्तिकरण को आवश्यक बताते हुए कहा कि समर्थ वर्ग को आगे आकर उनके उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए. उन्होंने समाज को एक शरीर के समान बताते हुए कहा कि विभिन्न जाति और पंथ उसके अंग हैं, जिनकी समरसता से ही समाज सशक्त बनता है.

### सप्ताह में एक दिन परिवार के साथ करें भोजन

स्वर्णकार पारिवारिक एवं सामाजिक स्तर पर सद्भाव बढ़ाने के लिए कई सुझाव दिए. उन्होंने सप्ताह में एक दिन परिवार के साथ बैठकर भजन, भोजन एवं संवाद करने, पूर्वजों और संस्कारों पर चर्चा करने तथा समाज और राष्ट्र से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करने की बात कही. पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए उन्होंने जल संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी और पौधरोपण जैसे कार्यों को अपनाने की अपील की. साथ ही मातृभाषा के प्रयोग, भारतीय वेशभूषा के महत्व और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने पर भी बल दिया. उन्होंने संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी रखने तथा कानूनों के पालन को आवश्यक बताया. सामाजिक मूल्यों, जैसे बड़ों का सम्मान और आपसी सहयोग, को समाज में सद्भाव बढ़ाने का आधार बताया. बैठक में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सामाजिक कार्यों के प्रेरक उदाहरण भी प्रस्तुत किए. कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक एवं समाजसेवी रामस्वरूप श्रीवास्तव ने की. खंड कार्यवाह प्रदीप रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया.

## सदस्यता अभियान शिविर का आयोजन

### डेढ़ सौ से अधिक किसान उपस्थित, नए सदस्य बनाए

**सलामतपुर, 14 अप्रैल. डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर मंगलवार को कृषक सेवा सहकारी संस्था सांची में सहकारिता विभाग द्वारा प्राथमिक सहकारी साख समितियों द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के संबंध में शिविर लगाया गया.**

शिविर में आसपास क्षेत्र के 150 से अधिक किसान एकत्रित हुए और 11 नवीन सदस्य बनाए गए. कुछ किसानों को आवेदन फॉर्म दिए गए हैं. पैक्स सहकारी व्यवस्था की सबसे निचली लेकिन सबसे महत्वपूर्ण इकाई है.यह सीधे किसानों से जुड़ी होती है और उनकी दैनिक आवश्यकताओं जैसे कृषि ऋण, उर्वरक, बीज, समर्थन मूल्य पर



उपलब्ध खरीदी, तथा सीएससी कॉमन सर्विस सेन्टर, पशुपालन, मछील पालन एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें उपलब्ध कराती है.इसलिए, जितने अधिक किसान पैक्स से जुड़ेंगे, उतना ही अधिक लाभ उन्हें मिलेगा. इस अवसर पर सांची नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार, एफपीओ सांची अध्यक्ष शैतान सिंह, बलराम मालवीय, अशोक सिंह चंदेल संभागीय शाखा प्रबंधक अपैक्स बैंक भोपाल, अजय कुमार झा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक रायसेन, आयूषी सिसोदिया अधिकारी रायसेन, आकाशदीप चौहान रायसेन, इमरान जाफरी शाखा प्रबंधक सांची, नरेश राजपूत समिति प्रबंधक सांची, कुंवर सिंह दांगी समिति प्रबंधक सलामतपुर, नवल सिंह मेहरा समिति पग्नेश्वर, देवेंद्र सिंह मीना समिति दीवानगंज एवं सांची एफ.पी.ओ. सीईओ महेन्द्र सिंह जाट आदि उपस्थित रहे.